Seat No. : ____________

MAX-03

Hindi Paper-V (Main)

Time : 3 Hours] **[Total Marks: 100**

1. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **30**

(क) नारी ! तुम केवल श्रद्धा हो
विश्वास रजत नग पग तल में,
पीयूष स्रोत-सी बहा करो
जीवन के सुन्दर समतल में ।

अथवा

(क) अब नहीं आती पुलिन पर प्रियतमा
श्याम तृण पर बैठने को निरुपमा
बह रही है हृदय पर केवल अमा
मैं अलक्षित हूँ, यही
कवि कह गया है ।

(ख) मर्त्य नर को देवता कहना मृषा है,
देवता शीतल, मनुज अंगार है ।
देवताओं की नदी में ताप की लहरें न उठतीं,
किन्तु नर के रक्त में ज्वालामुखी हुंकारता है ।

अथवा

(ख) कवि जो होंगे, जो कुछ करते हैं करें
प्रयोजन मेरा बस इतना है –
ये दोनों जो
सदा एक-दूसरे से तनकर रहते हैं
कब, कैसे, किस आलोक-स्फुरण में
इन्हें मिला दूँ –
दोनों जो हैं बन्धु, सखा, चिर सहचर मेरे ।

(ग) बुरे - अच्छे - बीच के संघर्ष
से भी उग्रतर
अच्छे व उससे अधिक अच्छे बीच का संगर
गहन किंचित सफलता
अति भव्य असफलता !!
---- अतिरेकवादी पूर्णता
की ये व्यथाएँ बहुत प्यारी हैं ......

अथवा

(ग) फिर मैंने आदमी से पूछा –
मानुष भाई,
तुम्हारा धर्म क्या है ?
उसने धर्मों की एक लंबी फेहरिस्त टाँग दी
और हर धर्म एक-दूसरे से कटा हुआ
नफ़रत से गुर्राता रहा
दूसरों की निन्दा करता हुआ अपना गीत गाता रहा ।

2. " कथानक का आधार पुराना होते हुए भी ' कामायनी ' में आधुनिक युग की प्रमुख समस्याओं का चित्रण किया गया है।" – उदाहरण देते हुए सिद्ध कीजिए । **15**

अथवा

2. ' उर्वशी ' में निरूपित प्रेम का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए ।

3. छायावादी कवि के रूप में ' निराला ' का मूल्यांकन कीजिए । **15**

अथवा

3. ' अँधेरे में ' कविता का सार देते हुए उसके उद्देश्य की चर्चा कीजिए ।

4. संक्षेप में लिखिए : **20**

(क) अज्ञेय के काव्य में प्रतीक - योजना

अथवा

(क) ' हिरोशिमा ' का कथ्य

(ख) रामदरश मिश्र की काव्य-भाषा

अथवा

(ख) ' दवा की तलाश ' की समस्या

(ग) ' कामायनी ' की इड़ा

अथवा

(ग) औशीनरी का चरित्र

(घ) ' जुही की कली ' का भाव-सौन्दर्य

अथवा

(घ) ' एक अंतर्कथा ' का उद्देश्य

5. सूचनानुसार उत्तर लिखिए : **20**

(अ) एक वाक्य में उत्तर दीजिए ।

(1) ‘ इतना न चमत्कृत हो बाले ’ पंक्ति ‘ कामायनी ’ के किस सर्ग से ली गयी है ?

(2) ‘ निराला ’ के पहले काव्य-संग्रह का नाम क्या है ?

(3) उर्वशी के पुत्र का जन्म किस ऋषि के आश्रम में हुआ ?

(4) अज्ञेय को किस काव्य-संग्रह पर साहित्य अकादमी का पुरस्कार मिला ?

(5) ‘ भूरी-भूरी खाक धूल ’ किस कवि का संग्रह है ?

(6) रामदरश मिश्र के ‘ खाली घर ’ में किस विधा की रचनाएँ संकलित हैं ?

(7) अज्ञेय को किस काव्यान्दोलन के प्रवर्तन का श्रेय दिया जाता है ?

(8) छायावाद को ‘ स्थूल के विरुद्ध सूक्ष्म का विद्रोह ’ किस आलोचक ने बताया था ?

(9) मुक्तिबोध की रचना ‘ ब्रह्मराक्षस का शिष्य ’ कविता है या कहानी ?

(10) ‘ आकाशदीप ’ के रचनाकार का नाम क्या है ?

(ब) सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए :

(1) इनमें से कौन सा नाटक प्रसाद जी का नहीं है ?

(क) चन्द्रगुप्त (ख) संन्यासी (ग) ध्रुवस्वामिनी

(2) इनमें से कौन सा कवि ‘ तार सप्तक ’ में नहीं है ?

(क) मुक्तिबोध (ख) भारतभूषण अग्रवाल (ग) शमशेर

(3) निम्नलिखित में से कौन सी कृति ‘ दिनकर ’ की है ?

(क) संस्कृति के चार अध्याय (ख) हिन्दी साहित्य की भूमिका

(ग) गाँधीवाद की शव-परीक्षा

(4) ‘ उत्तर प्रियदर्शी ’ के रचनाकार का नाम क्या है ?

(क) दिनकर (ख) मुक्तिबोध (ग) अज्ञेय

(5) निम्नलिखित में से कौन सी कविता मुक्तिबोध की नहीं है ?

(क) मैं तुम लोगों से दूर हूँ (ख) मैं वहाँ हूँ (ग) भूल-ग़लती

(6) इनमें से कौन सा संग्रह रामदरश मिश्र की ग़जलों का है ?

(क) बाज़ार को निकले हैं लोग (ख) साये में धूप (ग) धूप के हस्ताक्षर

(7) हिन्दी में प्रगतिवाद का प्रारम्भ किस सन् से माना जाता है ?

(क) 1936 (ख) 1942 (ग) 1947

(8) निम्नलिखित में से निराला की किस कविता में व्यंग्य की प्रधानता है ?

(क) भिक्षुक (ख) सरोज-स्मृति (ग) कुकुरमुत्ता

(9) मुक्तिबोध की किस कृति पर प्रतिबन्ध लगा था ?

(क) एक साहित्यिक की डायरी

(ख) भारत : इतिहास और संस्कृति

(ग) सतह से उठता आदमी

(10) निम्नलिखित में से कौन सा काव्य-संग्रह प्रसाद का नहीं है ?

(क) लहर (ख) गुंजन (ग) कानन-कुसुम